**बिहार सरकार**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

**आदेश**

संचिका सं0–12 / वि0–156 / 2025– 1978                    पटना, दिनांक– 15.12.25

**विषयः–संवेदक, मेसर्स खुशी कन्स्ट्रक्शन, At+Post-Rampur Dumra, Ps-Maranchi, Dist.-Patna, Pin803301 (सूचीबद्धता सं0–77 / 2017 New Reg. No.-210120250073) को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा एवं पूर्णिया अंतर्गत आवंटित कार्यों में लापरवाही हेतु बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली– 2007 में निहित प्रावधान के तहत काली सूची में दर्ज करने के संबंध में।**

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा अन्तर्गत एकरारनामा सं0–SBD-186, 161, 177, 179, 173, 125, 222, 423, 066, 182, 223. 220, 369, 77, 237, 239, 126, 129, 419, 76, 359, 360, 418/2019-20 एवं MBD-365/2019-20 के तहत आवंटित कार्यों में शिथिलता बरतने एवं कार्य पूर्ण नहीं करने एवं लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पूर्णिया अन्तर्गत आमौर एवं डगरूआ प्रखंड में आवंटित कुल 20 योजनाओं के कार्यों में धीमी प्रगति एवं लापरवाही के लिए क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया के द्वारा क्रमशः पत्रांक–1128, दिनांक–01.11.2025 एवं पत्रांक–1109, दिनांक–05.11.2025 के माध्यम से संवेदक, मेसर्स खुशी कन्स्ट्रक्शन (सूचीबद्धता सं0–77 / 2017 New Reg. No.-210120250073) को काली सूची में दर्ज करने हेतु अनुशंसा किया गया।

प्राप्त अनुशंसा के क्रम में विभागीय पत्रांक–1708, दि0–13.11.2025 एवं पत्रांक–1783, दि0–24.11.2025 के द्वारा संवेदक को उक्त के संबंध में साक्ष्य सहित अपना स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। जिसके आलोक में एजेन्सी के द्वारा संदर्भ सं0–KHU/PHED/460/2025, दि0–18.11.25 से अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। स्पष्टीकरण में संवेदक के द्वारा आरोप के संबंध में योजना में विलम्ब के कारणों का बिन्दुवार स्थिति स्पष्ट करते हुए निबंधन को काली सूची में नहीं डालने का अनुरोध किया गया।

संवेदक के द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में उल्लेखित तथ्यों पर विभागीय पत्रांक–1870, दि0–01.12.2025 एवं पत्रांक–1911, दि0–05.12.2025 के द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया को मंतव्य हेतु अनुरोध किया गया। उक्त के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया के पत्रांक–1301, दि0–10.12.2025 एवं पत्रांक–1303, दि0–10.12.2025 के माध्यम से संवेदक को उपर्युक्त प्रमंडलान्तर्गत कार्यों में शिथिलता एवं लापरवाही बरतने के लिए काली सूची में दर्ज करने के पूर्व प्रस्ताव पर पुनः सहमति दी गई।

उक्त के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया से प्राप्त अनुशंसा एवं संवेदक से प्राप्त स्पष्टीकरण में उल्लेखित तथ्यों की समीक्षा की गई। उक्त से यह परिलक्षित होता है कि 'हर घर नल का जल' योजना अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा एवं पूर्णिया में वर्णित एकरारनामा के तहत आवंटित कार्यों में संवेदक के द्वारा कतिपय शिथिलता बरती गई है। उक्त स्थिति में संवेदक के स्पष्टीकरण को स्वीकार्य योग्य नहीं माना जा सकता है।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारी के प्रतिवेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरांत प्रस्तुत मामले में **एकरारनामा एवं विहित विर्निदेश के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक** हेतु बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका–11 'क' की उपकंडिका–**(II)** के आलोक में संवेदक, मेसर्स खुशी कन्स्ट्रक्शन, At+Post-Rampur Dumra, Ps-Maranchi, Dist.-Patna, Pin-803301. (सूचीबद्धता सं0–77 / 2017 New Reg. N0.-210120250073) को 03 (तीन) वर्षों के लिए काली सूची में दर्ज करने का निर्णय लिया जाता है।

उक्त दण्ड के विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका–11 (घ) के आलोक में एजेन्सी द्वारा 30 (तीस) दिनों के अन्दर सचिव महोदय के समक्ष अपील दायर किया जा सकता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

अभय 15/12/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–156 / 2025– 1978 पटना, दिनांक– 15.12.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 15/12/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–156 / 2025– 1978 पटना, दिनांक– 15.12.25

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, / आई0 टी0 मैनेंजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

अभय 15/12/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post/
Email

ज्ञापांक–12 / वि0–156 / 2025– 1978 पटना, दिनांक– 15.12.25

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा एवं पूर्णिया / संवेदक, मेसर्स खुशी कन्स्ट्रक्शन, At+Post-Rampur Dumra, Ps-Maranchi, Dist.-Patna, Pin-803301 **e-mail-khusheeconstruction@gmail.com** (सूचीबद्धता सं0–77 / 2017 New Reg. N0.-210120250073) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 15/12/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–156 / 2025– 1978 पटना, दिनांक– 15.12.25

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 15/12/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)